SJU Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विज़िट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, शुक्रवार 08 फरवरी 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-130

## मुठभेड़ में 15 नक्सली ढेर, 10 के शव बरामद

### मौके से 11 बंदूकों समेत विस्फोटकों का जखीरा बरामद

बीजापुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में आज सुबह पुलिस व नक्सलियों के मध्य हुयी मुठभेड़ में 15 वर्दीधारी नक्सली मारे गए, जिनमें से 10 के शव बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस ने मुठभेड़ में और भी नक्सलियों के मारे जाने व घायल होने का दावा किया है। मौके से 11 बंदूक समेत भारी मात्रा में नक्सली आईईडी का जखीरा बरामद किया गया है।

बस्तर आईजी विवेकानंद सिंह ने बताया कि भैरमगढ़ थाने से संयुक्त पुलिस बल ग्राम ताकीलोड की ओर गश्त सर्चिंग के लिए रवाना हुआ था। ग्राम बोड़गा के जंगल में घात लगाए नक्सलियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फैरन मोर्चा संभालते हुए गोलीबारी की। लगभग एक घंटे की मुठभेड़ बाद अंततः नक्सली घने जंगल और पहाड़ी की आड़ लेकर भाग गए। मौके से 10 वर्दीधारी नक्सलियों का शव बरामद किया गया है, जिनकी शिनाख्त की जा रही है। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ स्थल पर मौजूद परिस्थितिजन्य साक्ष्य, खून के धब्बे एवं घसीटे जाने के निशान से यह साबित होता है कि कम से कम 5-6 नक्सली और मारे गए हैं और कई लहुलूहान हुए हैं, जिनके शव नक्सली अपने साथ ले जाने में कामयाब रहे।




श्री सिंह ने बताया कि घटनास्थल की सर्चिंग के दौरान 11 बंदूकें एवं आईईडी के जखीरे के साथ बैनर, पोस्टर, दवाईयां, गोला-बारूद, डेटोनेटर, बिजली के तार, बैटरी, पिट्ठू, दैनिक उपयोग की सामग्रियां तथा नक्सली साहित्य बरामद किया गया है।

## पूछताछ के दूसरे राउंड के लिए ईडी दफ्तर पहुंचे वाड्रा

### कार्ति भी हुए पेश

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस के दो नेताओं के संबंधियों से आज ईडी के दफ्तर में पूछताछ हुई। वाड्रा जहां मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में पूछताछ के दूसरे राउंड के लिए ईडी दफ्तर पहुंचे थे, वहीं पी चिदंबरम के बेटे कार्ति चिदंबरम आईएनएक्स मीडिया मामले में पूछताछ के लिए पेश हुए हैं। बुधवार को भी वाड्रा से ईडी ने करीब 6 घंटे तक पूछताछ की थी। ईडी ने वाड्रा को अब 12 फरवरी को एजेंसी के जयपुर दफ्तर में पेश होने के लिए कहा है। सूत्रों का कहना है कि वाड्रा से ईडी ने उनकी लंदन की प्रॉपर्टी के बारे में जानकारी मांगी गई। साथ ही संजय भंडारी नाम के कारोबारी से उनके संबंधों को लेकर भी पूछताछ की गई। ईडी ने



रॉबर्ट वाड्रा से कुछ ईमेल्स को लेकर भी जानकारी मांगी थी।

बता दें कि बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था, हमने कुछ दिन पहले बताया कि रॉबर्ट वाड्रा की लंदन में एक प्रॉपर्टी है। आज खुलासा करने वाले हैं कि उनकी वहां एक या दो नहीं बल्कि 8 प्रॉपर्टी हैं। ये सभी प्रॉपर्टी यूपीए 1 में हुई पेट्रोलियम डील और डिफेंस डील में हुई दलाली से खरीदी गई हैं। उन्होंने बताया कि इन एक-एक प्रॉपर्टी की कीमत करोड़ों रुपये है।

**दूरी बरत रही है कांग्रेस**

वाड्रा को दिल्ली के एक कोर्ट ने अग्रिम जमानत दी है, लेकिन कोर्ट ने सख्त निर्देश दिया था कि उन्हें पूछताछ में पूरा सहयोग करना होगा। बुधवार को प्रियंका गांधी ने औपचारिक तौर पर कांग्रेस महासचिव की जिम्मेदारी संभाली, लेकिन उससे पहले वह अपने पति को ईडी दफ्तर छोड़ने भी गईं। कुछ वक्त पहले तक कांग्रेस वाड्रा के सवालों पर दूरी बरत रही थी, लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि पार्टी इसके बहाने मोदी सरकार पर बदले की राजनीति का आरोप लगा सकती है।

## पांच दिन में 10 राज्यों का करेंगे पीएम मोदी दौरा

**लोकसभा चुनावों पर नजर**

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनावों को देखते हुए 10 राज्यों का दौरा 5 दिन में करनेवाले हैं। 5 राज्यों में पीएम का यह दौरा लोकसभा चुनावों के पहले बहुत महत्वपूर्ण है और यह चुनाव प्रचार की जोरदार शुरुआत के तौर पर देखा जा रहा है।



पीएम मोदी 10 राज्यों के इस दौरे में एक रात असम में स्टे भी करेंगे। इस दौरे से पहले पिछले हफ्ते ही उन्होंने जम्मू-कश्मीर और पश्चिम बंगाल का दौरा किया है।

**बंगाल के जलपाईगुड़ी से ममता पर बोलेंगे मोदी हमला**

8 फरवरी को प्रधानमंत्री 3 राज्यों का दौरा करेंगे। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में कोड़ातराई में एक रैली को संबोधित करेंगे।

यह छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों में मिली हार के बाद पीएम मोदी का राज्य का पहला दौरा होगा। इसके बाद प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में रैली करेंगे।

## इस वर्ष 31 मार्च से पहले सभी इच्छुक घरों तक पहुंचा दी जाएगी बिजली : मंत्री

नयी दिल्ली (आरएनएस)। उर्जा मंत्री आर के सिंह ने गुरुवार को कहा कि देश के लगभग सभी गांवों एवं मोहल्लों तक बिजली पहुंचा दी गई है और इस साल 31 मार्च से पहले हर इच्छुक घर तक बिजली पहुंचाने के लक्ष्य को हासिल कर लिया जाएगा। लोकसभा में मल्लिकार्जुन खड़गे के पूरक प्रश्न के लिखित उत्तर में सिंह ने यह जानकारी दी। दरअसल, खड़गे ने कहा कि 2014 तक देश के कुल 632000 गांवों में से सिर्फ 18000 ऐसे गांव बचे थे जहां बिजली नहीं पहुंची थी। सरकार ऐसे कह रही कि जैसे 65 वर्षों में कुछ नहीं हुआ।

## बीजेपी के लिए रोहतक सीट से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे वीरेंद्र सहवाग?

चंडीगढ़ (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर और विस्फोटक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग अब राजनीति की पिच पर नई पारी जल्द शुरू कर सकते हैं। 2019 लोकसभा चुनाव में वह हरियाणा से बीजेपी के उम्मीदवार हो सकते हैं। बीजेपी यहां रोहतक सीट पर उनकी उम्मीदवारी की संभावनाएं देख रही है।



2019 लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को बीजेपी कोर कमिटी की बैठक में शामिल पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि रोहतक सीट पर कांग्रेस के दिग्गज नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा को मात देने के लिए सहवाग के नाम पर भी चर्चा हुई है। हालांकि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला ने सहवाग की उम्मीदवारी की चर्चा से साफ इनकार करते हुए कहा कि अभी तो वह (वीरेंद्र सहवाग) बीजेपी में शामिल भी नहीं हुए हैं।

उधर, बीजेपी के विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक पार्टी ने एक वरिष्ठ नेता को पूर्व क्रिकेटर तक यह ऑफर पहुंचाने की जिम्मेदारी भी दे दी है। नाम का जिक्र ना करने की शर्त पर पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, सहवाग पर पार्टी ने निर्णय कर लिया है। अब यह सहवाग पर निर्भर है कि वह जिस पार्टी नेता को सहवाग से बात करने की जिम्मेदारी दी गई है, वह दिल्ली और एनसीआर की राजनीति में काफी सक्रिय हैं।

**हंसराज हंस का नाम भी संभावित लिस्ट में**

वीरेंद्र सहवाग के अलावा सूफी गायक हंसराज हंस का नाम भी बीजेपी के संभावित उम्मीदवारों की सूची में सामने आ रहा है, जो हाल ही में कांग्रेस से अलग होकर बीजेपी में शामिल हुए हैं। सिरसा लोकसभा सीट से वह बीजेपी के उम्मीदवार हो सकते हैं। 2014 लोकसभा चुनाव में बीजेपी इस सीट को गंवा दी थी। सूत्रों के मुताबिक, हंसराज हंस को अब क्षेत्र में काम शुरू कर देने के लिए कहा गया है।

## सीपत एनटीपीसी में हुआ बड़ा हादसा, 5 मजदूर गंभीर रूप से घायल, एक की हालत गंभीर

बिलासपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के सीपत स्थित एनटीपीसी में आज बड़ा हादसा हो गया।

यूनिट 4 में लगे चिमनी में जबरदस्त विस्फोट हो गया जिससे 5 मजदूर घायल हो गए वहीं एक मजदूर की मौत हो गई।

एनटीपीसी प्रबंधन ने मजदूरों को इलाज हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर गए।

## नोएडा के सेक्टर 12 में मेट्रो हॉस्पिटल में लगी आग

### कई लोगों के फंसे होने की आशंका

नोएडा (आरएनएस)। नोएडा के सेक्टर 12 स्थित मेट्रो हॉस्पिटल में आग लगने से अफरातफरी का माहौल है। आग भीषण है। पुलिस व दमकल की गाड़ियां मौके पर हैं। राहत व बचाव कार्य शुरू किया जा चुका है, अस्पताल में कई लोगों के फंसे होने की खबरें आ रही हैं।

अस्पताल के मरीजों को अस्पताल से निकालकर सेक्टर 11 स्थित मेट्रो हॉस्पिटल में शिफ्ट किया जा रहा है। मरीजों को खिड़कियों आदि के शीशे तोड़कर जल्द से जल्द निकाला जा रहा है और सेक्टर 11 के मेट्रो अस्पताल में रखा जा रहा है। आग लगने के 30 मिनट बाद भी चौथे फ्लोर से उतरे जा रहे हैं मरीज। अस्पताल में भरे धुएं को निकालने के लिए उसे तोड़ा जा रहा है। हाइड्रोलिक प्लैटफॉर्म से ऊपर पहुंचने की कोशिश की जा रही है।

आग के कारणों का फिलहाल कुछ नहीं पता चल सका है और न ही फिलहाल इस आग में जान-माल के किसी तरह के नुकसान की खबर मिली है। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियां आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही हैं। आग लगने के बाद अस्पताल के बाहर लोगों की भीड़ नजर आ रही है।

## कांग्रेस संग गठबंधन के लिए आप की कोशिश जारी

### हाथ नहीं थमा रहे राहुल!

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली की सात लोकसभा सीटों के लिए आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के गठबंधन के लिए न सिर्फ आप कोशिश कर रही है बल्कि ममता बनर्जी, चंद्रबाबू नायडू और शरद पवार भी इसे लेकर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी से बात कर चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक, जहां कांग्रेस के कई सीनियर नेता व्यक्तिगत तौर पर दिल्ली में गठबंधन के लिए तैयार हैं, वहीं



राहुल गांधी कांग्रेस की दिल्ली यूनिट के नाम पर गठबंधन के लिए अब तक मना कर रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली में लोकसभा के लिए गठबंधन को लेकर आप नेता संजय सिंह की कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद और अहमद पटेल से कई बार मुलाकात और बातचीत हुई है। सूत्रों का कहना है कि आजाद और अहमद पटेल व्यक्तिगत तौर पर आप-कांग्रेस गठबंधन के पक्ष में हैं।

## कवाल हत्याकांड के सभी आरोपी दोषी करार, 8 फरवरी को सजा सुनाएगा कोर्ट

**मुजफ्फरनगर दंगा**

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर के कवाल में दो ममेरे भाइयों सचिन और गौरव की हत्या मामले में कोर्ट ने सभी 8 आरोपियों को दोषी करार दिया है। जिले के एडीजे-7 कोर्ट के जज हिमांशु भटनागर ने मामले की सुनवाई में आरोपियों को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेने का फैसला सुनाया है। कोर्ट ने आरोपियों को सजा का ऐलान करने के लिए 8 फरवरी की तारीख तय किया है। गौरतलब है कि 8 आरोपियों में से एक शाहनवाज की पहले ही मौत हो चुकी है। ऐसे में शाहनवाज के अलावा बाकी बचे 7 आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

## ट्रंप ने बदले सुर, कहा ज्यादा संख्या में प्रवासी आएं


वाशिंगटन (आरएनएस)। प्रवासियों पर अपने कड़े रूख में नरमी लाते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अब वह ज्यादा संख्या में वैध प्रवासियों के देश में आने के पक्ष में हैं क्योंकि उनसे देश को आर्थिक लाभ होता है। ट्रंप ने अपने वार्षिक संबोधन में भी कहा था कि वे चाहते हैं कि बड़ी संख्या में लोग उनके देश आएं लेकिन उन्हें कानूनी रूप से आना होगा। हालांकि अभी तक उनकी



नीतियों में यह परिलक्षित नहीं हो रहा है। स्थानीय संवाददाताओं ने उनसे प्रश्न किया कि क्या उनके वक्तव्य को नीति में बदलाव के तौर पर देखा जाए। इसके उत्तर में ट्रंप ने कहा कि बदलाव है। लूसियाना के समाचार पत्र 'द एडवोकेट' में एक संवाददाता ने ट्वीट किया।

## कैबिनेट ने दी 'राष्ट्रीय कामधेनु आयोग' के गठन की मंजूरी

नई दिल्ली (आरएनएस)। गोवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए 'राष्ट्रीय कामधेनु आयोग' के गठन के प्रस्ताव को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान में कहा गया है, राष्ट्रीय कामधेनु आयोग के गठन से देश में गोवंश के संरक्षण, सुरक्षा और संवर्धन के साथ उनकी संख्या बढ़ाने पर ध्यान दिया जाएगा। इसमें स्वदेशी गायों का संरक्षण भी शामिल है।



सरकार का मानना है कि इससे पशुधन क्षेत्र की वृद्धि होगी। इसके समावेशी होने के कारण इससे महिलाओं और छोटे एवं सीमांत किसानों को फायदा होगा। यह आयोग पशुपालन, पशु विज्ञान और कृषि से जुड़े केंद्र एवं राज्य सरकारों के विश्वविद्यालयों, विभागों और संगठनों के साथ मिलकर करेगा। वित्त मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को संसद में पेश 2019-20 के अंतरिम बजट में इस आयोग के गठन का प्रस्ताव किया था। इसका उद्देश्य देश में गोवंश के विकास एवं संरक्षण के लिए नीतिगत व्यवस्था एवं दिशा प्रस्तुत करना है। आयोग यह भी देखेगा कि देश में गो-कल्याण के लिए नियमों और कानूनों का किस तरह से समुचित अनुपालन सुनिश्चित किया जा सकता है।

केंद्र सरकार ने आम बजट में इस योजना के लिए 750 करोड़ रुपये की रकम देने का ऐलान किया था।

केंद्र सरकार की इस योजना को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। कुछ लोगों का मानना है कि इससे आवारा पशुओं की समस्या से निजात कतई नहीं मिलेगा।

## चार शहरों के मेट्रो प्रोजेक्ट को इसी माह मंजूरी?

नई दिल्ली (आरएनएस)। कानपुर, आगरा, पटना और अहमदाबाद के मेट्रो परियोजनाओं को इसी माह मोदी कैबिनेट अपनी मंजूरी दे सकती है। वित्त मंत्रालय के मातहत पब्लिक इन्वेस्टमेंट बोर्ड ने बुधवार को इन परियोजनाओं को अपना ग्रीन सिग्नल दे दिया है। हालांकि फाइनल पुष्टि इस बैठक के मिनट्स तैयार होने के बाद ही होगी। लेकिन माना जा रहा है कि बोर्ड की सिफारिश पर इसी माह कैबिनेट इन परियोजनाओं को मंजूरी दे देगी। वित्त मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि दो अलग अलग बैठकों में इन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इनमें से आगरा, कानपुर और पटना में पहले फेज की मेट्रो लाइनों का निर्माण किया जाएगा जबकि अहमदाबाद में दूसरे फेज की लाइनों को मंजूरी दी गई है। पीआईबी की इस मंजूरी के बाद अगले चरण में केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी की आवश्यकता होगी।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्रतिष्ठित सिख अमेरिकी ने चुनावी राजनीति में आने की घोषणा की

वाशिंगटन (आरएनएस)। प्रतिष्ठित रोजा पार्क्स ट्रेलब्लेजर पुरस्कार पाने के कुछ सप्ताह बाद प्रतिष्ठित भारतीय अमेरिकी सिख गुरिंदर सिंह खालसा ने चुनावी राजनीति में उतरने का फैसला किया है। सिंह ने सिटी काउंसिल ऑफ फिशर्स के चुनाव के लिए अपनी योजना की घोषणा करने के बाद बुधवार को इंडियानापोलिस में अपने समर्थकों से कहा, ''अपने समुदाय के लिए कुछ करने की इच्छा के साथ मेरे पूर्व अनुभवों पर आधारित सार्वजनिक नीति में रुचि उन कारणों में शामिल है जिससे मैंने चुनावी राजनीति में आने का फैसला किया।''

### आखिरी वक्त में सजायाफ्ता शख्स की मौत की सजा पर लगी रोक

वॉशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका में मौत की सजा पाने वाले एक मुस्लिम व्यक्ति की सजा पर अंतिम समय में रोक लगा दी गई जब एक संघीय अदालत ने फैसला दिया कि उसके संवैधानिक अधिकारों का हनन हुआ है। अदालत ने कहा कि अलबामा राज्य ने उसे मौत के चैंबर तक ले जाने के लिए इमाम की व्यवस्था कराने से इनकार कर दिया जो उसके अधिकारों का हनन है।

### दूसरे दिन भी अफगान नेताओं के साथ बातचीत की मेज पर बैठा तालिबान

मॉस्को (आरएनएस)। अफगानिस्तान की सरकार को दरकिनार करते हुए तालिबान ने बुधवार को दूसरे दिन रूस की राजधानी मास्को में प्रभावशाली अफगान नेताओं के साथ बातचीत की। अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी ने इस बातचीत पर सवाल उठाए हैं। एक दिन पहले यानी मंगलवार को तालिबान के नेताओं ने कैमरों और पूर्व अफगान राष्ट्रपति हामिद करजई समेत ताकतवर नेताओं के सामने अफगानिस्तान के लिए अपनी योजनाएं रखी थीं।

### गर्लफ्रेंड ने नहीं की बात तो हॉस्टल पहुंचकर की फायरिंग, 5वीं मंजिल से कूदा

पुणे (आरएनएस)। महाराष्ट्र के पुणे में एक शिक्षण संस्थान के कैंपस में बने हॉस्टल में युवक की फायरिंग से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि हॉस्टल के पांचवें फ्लोर पर रहने वाली एक छात्रा उसकी कॉल नहीं उठा रही थी, वह इसी बात से नाराज था। कैंपस पहुंचकर युवक ने हवाई फायरिंग की। पकड़े जाने के डर से वह पांचवीं मंजिल से कूद गया, जिससे उसका कूल्हा और पैर टूट गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर अस्पताल में भर्ती कराया।

### वाड्रा की लंदन में 8-9 प्रॉपर्टी

**बीजेपी का कांग्रेस पर हमला**

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रियंका गांधी के कांग्रेस महासचिव की जिम्मेदारी संभालने के दिन ही बीजेपी ने कांग्रेस पार्टी पर हमला बोला है। बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि आज राहुल गांधी के जीजाजी ईडी के सामने प्रस्तुत होने वाले हैं। आज ही के दिन कांग्रेस पार्टी के दफ्तर के बाहर एक पोस्टर लगा है, जिसमें दो जमानती एक साथ हैं। इस पोस्टर में राहुल गांधी हैं, जो 5 हजार करोड़ रुपये के गबन के मामले में जमानत पर हैं और दूसरे रॉबर्ट वाड्रा हैं, जो मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में ईडी के सामने पेश होने वाले हैं।

### 15 फरवरी को शुरू होगी वंदे भारत एक्सप्रेस

**पीएम मोदी दिखाएंगे हरी झंडी**

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की पहली इंजनरहित ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस को 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से रवाना करेंगे। रेल मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। हाल ही में रेल मंत्री पीयूष गोयल ने ट्रेन 18 को वंदे भारत एक्सप्रेस नाम दिया था। बता दें कि 100 करोड़ की लागत से बनी इस ट्रेन को पूरी तरह से भारत में ही तैयार किया गया है।